राजकीय महाविद्यालय बहरोड़ में 18 जनवरी से स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्ध की कक्षाएं अध्ययन हेतु प्रारंभ की जा चुकी हैं

तेज न्यूज 24

बहरोड़। राजकीय महाविद्यालय बहरोड़ में 18 जनवरी 2021 से स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्ध की कक्षाएं अध्ययन हेतु प्रारंभ की जा चुकी हैं। इसी क्रम में गृह विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार राजकीय महाविद्यालय बहरोड़ की समस्त कक्षाएं पूर्ण रूप से दिनांक 8 फरवरी 2021 से अध्ययन हेतु प्रारंभ होगी। महाविद्यालय में प्रत्येक कक्षा में कुल क्षमता की 50 प्रतिशत उपस्थिति प्रथम दिन एवं शेष 50 प्रतिशत उपस्थिति दूसरे दिन रहेगी। निर्देशानुसार सभी महाविद्यालयों में सोशल डिस्टेंसिंग एवं मास्क सहित अन्य हेल्थ प्रोटोकोल का पूरा ध्यान रखा जायेगा। सैनेटाईजेशन समिति के संयोजक डा. विनय सिंह यादव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कोविड19 महामारी की रोकथाम के लिए जारी गाईडलाइंस की पालना सुनिश्चित की जाएगी। महाविद्यालय में प्रत्येक विद्यार्थी को आगमन पर थर्मल स्क्रीनिंग एवं सैनिटाइजेशन करना [illegible]गेगा तथा महाविद्यालय के [illegible] पर सामाजिक दूरी का ध्यान रखा जाए। अध्ययन अवधि के दौरान फेस मास्क पहनना अनिवार्य होगा। नो मास्क नो एंट्री का पालन आवश्यक है एवं विद्यार्थी अपने साथ पीने के लिए पानी की बोतल आवश्यक लायें। विद्यार्थियों को अपने कक्ष के अतिरिक्त अन्य विद्यार्थी के कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं है तथा सार्वजनिक स्थान पर थूकने पर प्रतिबंध है। प्राचार्य डॉ अमिता सारस्वत ने निर्देशित किया है कि विद्यार्थियों एवं फैकल्टी स्टाफ को सार्वजनिक एवं स्वयं की सुरक्षा के लिए अपने मोबाइल फोन पर आरोग्य सेतु एप इंस्टॉल कर लेना चाहिए तथा खांसते, छींकते समय अपने मुंह व नाक को टिस्यू व रूमाल से ढकना ना भूलें।